संख्या : 129/2018/2473 /छप्पन-2018-43/2015

प्रेषक,

सूर्य पाल गंगवार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 07 दिसम्बर, 2018

विषय: राजकीय वायुयान हॉकर 900 एक्सपी, वी0टी0-यू0पी0एम0 के लिए एफ0सी0यू0 ओवरहॉल एक्सचेन्ज के आधार पर तथा नये इंस्टलेशन किट क्रय किए जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-473/ना0उ0नि0/इंजी/ए-2/2015(पी), दिनांक 06 दिसम्बर, 2018 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- राजकीय वायुयान हॉकर 900 एक्सपी, वी0टी0-यू0पी0एम0 के लिए मेसर्स मैग्नम एवियेशन प्रा0लि0, नोएडा से प्राप्त कोटेशन के अनुसार एफ0सी0यू0 पार्ट संख्या 3070800-39 (ओवरहॉल एक्जेन्ज), मात्रा एक तथा नया इंस्टलेशन किट पार्ट संख्या 3067013-1 मात्रा एक को ए0ओ0जी0 के आधार पर क्रय करने के लिये कुल रू0 48,94,196.00 (रूपए अड़तालीस लाख चौरान्नबे हजार एक सौ छियान्नबे मात्र) का व्यय निहित है, का प्रशासकीय अनुमोदन एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया है। इस प्रकार उक्त इंगित पुर्जे को क्रय करने हेतु कुल रू0 48,94,196.00 (रूपए अड़तालीस लाख चौरान्नबे हजार एक सौ छियान्नबे मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जानी है। अत: राज्यपाल महोदय राजकीय वायुयान हॉकर 900 एक्सपी, वी0टी0-यू0पी0एम0 के लिए एफ0सी0यू0 ओवरहॉल एक्सचेन्ज के आधार पर तथा नये इंस्टलेशन किट क्रय किए जाने हेतु कुल रू0 48,94,196.00 (रूपए अड़तालीस लाख चौरान्नबे हजार एक सौ छियान्नबे मात्र) के व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 38 के राजस्व लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय की मानक मद-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में दिए गए प्राधिकार के अन्तर्गत जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,
सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

पृ0सं0 : 129/2018/2473(1)/छप्पन-2018-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- उप महालेखाकार ई0एस0।।। आडिट भवन, टी0सी0-ई0वी-।, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ-।0
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/ वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।